# ‘प्रसव वॉच’एप्लीकेशन को मिला ‘नेशनल पब्लिक हेल्थ एक्सीलेंस अवॉर्ड’

## चर्चा में क्यों?

27 जुलाई, 2023 को नई दिल्ली स्थित स्थानीय होटल में आयोजित ‘नेशनल हेल्थ टेक इनोवेशन कॉन्क्लेव’में राजस्थान के स्वास्थ्य विभाग की ‘प्रसव वॉच’एप्लीकेशन को चिकित्सा के क्षेत्र में अभिनव इनोवेशन के लिये ‘नेशनल पब्लिक हेल्थ एक्सीलेंस अवॉर्ड’से राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है।

## प्रमुख बिंदु

- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, राजस्थान की ओर से यह सम्मान राजस्थान स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह के प्रतिनिधि के रूप में आवासीय आयुक्त धीरज श्रीवास्तव और परियोजना निदेशक डॉ. तरुण चौधरी ने ग्रहण किया।
- उल्लेखनीय है कि राजस्थान देश का ऐसा पहला राज्य है, जिसमें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत मातृ स्वास्थ्य अनुभाग द्वारा राज्य की प्रमुख उच्च प्रसवभार वाले 360 मेडिकल इंस्टीट्यूट पर करवाए जा रहे संस्थागत प्रसवों की डिजिटिलाइज क्लिनिकल केयर और मॉनिटरिंग के लिये ‘प्रसव वॉच’एप्लीकेशन संचालित की जा रही है।
- इसके माध्यम से इन चिकित्सा संस्थानों पर हो रहे प्रसवों के लिये की गई क्लिनिकल केयर एवं प्रॉसिजर्स की ड्यूटी स्टाफ/डॉक्टर द्वारा रियल टाइम डेटा एंट्री प्रसव कक्ष एवं पीएनसी वार्ड में उपलब्ध करवाए गए टेबलेट पर की जाती है।
- इस एप्लीकेशन पर क्लिनिकल डेटा फीड करते समय सजेस्टीव मैसेज भी अलर्ट के रूप में संबंधित स्टाफ को रियल टाइम प्रदर्शित होते हैं, जिसमें यह शामिल होता है कि किस तरह की जटिलता होने की संभावना है एवं उसका निदान करने के लिये क्या संभावित कदम उठाए जाने हैं।




PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/-prasav-watch-application-received-national-public-health-excellence-award-